राकेश रंजन, भा.प्र.से.
अध्यक्ष
Rakesh Ranjan, IAS
Chairman

भारत सरकार
कर्मचारी चयन आयोग
Government of India
Staff Selection Commission
ब्लाक सं. 12, केन्द्रीय कार्यालय परिसर,
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
Block No. 12, CGO Complex,
Lodhi Road, New Delhi-110003

<u>संदेश</u>

हिंदी दिवस के अवसर पर आयोग मुख्यालय एवं इसके सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्मिकों को मेरी शुभकामनाएं।

भाषा वह साधन है जिससे कोई भी व्यक्ति अपने भावों एवं विचारों का आदान-प्रदान करता है। मनुष्य का प्रत्येक कार्य भाषा द्वारा ही संचालित होता है। हिंदी भाषा आम जनता से जुड़ी भाषा है और राष्ट्रीय एकता की अमूर्त वाहन है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के कामकाज के लिए 14 सितंबर, 1949 को राजभाषा के रूप में हिंदी को स्वीकार किया गया था। तभी से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

कर्मचारी चयन आयोग भारत सरकार की सबसे बड़ी भर्ती एजेंसियों में से एक है और यह प्रशंसनीय है कि आयोग अपने दिन-प्रतिदिन के कार्यों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करता है। हिंदी भाषा सरल है और इसका शब्द-कोश भी विशाल है। मेरा सुझाव है कि सभी कार्मिक सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग करते समय सरल, सहज और मौलिक शब्दों का प्रयोग करें।

यह हर्ष की बात है कि आयोग मुख्यालय और इसके सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में 14 सितंबर से 28 सितंबर, 2024 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। मेरा अनुरोध है कि सभी कार्मिक इस दौरान आयोजित की जाने वाली हिंदी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लें और इनके माध्यम से अपने रचनात्मक कौशल का परिचय दें। हिंदी दिवस के अवसर पर मैं मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का आह्वान करता हूं कि वे अपने सभी दैनिक कार्यों को हिंदी में करें।

पुन: मेरी ओर से सभी साथियों को शुभकामनाएं।

जय हिंद।

राकेश रंजन

(राकेश रंजन)

नई दिल्ली
14.09.2024

Tel. (Off.): 011-24361359, 24366057 | E-mail : chaimanssc@gmail.com